आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 7 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नुक्कड़ चुनावी सभाओं को संबोधित भी किया। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

एनटीटी भर्ती

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में 6 हज़ार 2 सौ 97 प्राइमरी शिक्षक आउट सोर्स पर भर्ती किये जायेंगे। 2 वर्ष की नर्सरी टीचर ट्रेनिंग डिप्लोमा करने वालों को इसमें शामिल किया जायेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा अनुशिक्षक का पदनाम दिया गया है। बीते दिनों हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे निर्णय लिया गया था। ये भर्तियां केन्द्र सरकार के नियमों के तहत की जाएगी।

पुरस्कार

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। मंत्रालय ने इन पुरस्कारों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षकों के नामांकन से लेकर चयन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही आयोजित की जाएगी। 13 अगस्त तक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए शिक्षकों का अंतिम चयन कर लिया जायेगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उन शिक्षकों का चयन किया जायेगा जो बच्चों को इनोवेटिव और रोचक तरीकों से पढ़ा रहे हैं और आई.सी.टी जैसी तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

ड्रोन

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले जिला चंबा जिला में आपदाओं से निपटने के लिए अब ड्रोन अहम भूमिका निभाएगा। चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने कल ऐतिहासिक चौगान मैदान से इस 20 किलोग्राम भार तक सामग्री उठा पाने में सक्षम ड्रोन की सफल लॉन्चिंग की। ड्रोन को उपायुक्त कार्यालय के कक्ष में उपायुक्त व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला प्रशासन को हस्तांतरित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ये ड्रोन 8 किलोमीटर की रेंज तक जा सकता है और 20 किलोग्राम भार क्षमता उठा पाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान किसी भी आपदा में इसके माध्यम से राशन सहित अन्य राहत सामग्री प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई जा सकेगी।

चिकित्सा शिविर

किन्नौर जिला में आयुष विभाग बुजुर्गों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी। आयुष विभाग 8 जुलाई से 15 सितंबर तक जिला के विभिन्न 10 आयुर्वेदिक संस्थानों में बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है। इन विशेष शिविरों में बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच खून टेस्ट व विशेषज्ञ टीम की ओर से स्वास्थ्य वार्ता भी की जाएगी और निशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं भी प्रदान की जाएँगी । जिला आयुष अधिकारी ने सभी बुजुर्गों से विभाग की ओर से आयोजित इन विशेष शिविरों में आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ लेने की अपील की है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं और कुछ भागों में बीती रात से ही वर्षा होने का समाचार है। राजधानी शिमला में भी घनी धुंध छाई हुई है और बीती रात से ही रुक रुक कर वर्षा हो रही है। मौसम के इस बदलाव से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में वर्षा होने और कुछ भागों में बिजली गिरने के साथ साथ भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में आउटसोर्स पर भर्ती होंगे 6 हजार 2 सौ 97 प्री प्राइमरी शिक्षक–अधिसूचना जारी, दो साल का एनटीटी डिप्लोमा करने वालों को मिलेगा मौका। दैनिक जागरण का शीर्षक है विभाग स्वयं नहीं करेगा भर्ती, इलैक्ट्रोनिक कारपोरेशन तय करेगा एजेंसी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है ठेकेदार जनसेवक नहीं, 14 महीने में एक सौ 35 करोड़ रूपए के ठेके लिए। इसी पत्र की एक अन्य खबर है बीएससी अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित, मैरिट सूची में लड़कियों का दबदबा। दिव्य हिमाचल लिखता है बीएससी फाइनल में ऊना कॉलेज की मोनिका ढिल्लो ने किया टॉप।

दैनिक भास्कर की एक खबर है प्रदेश में इस साल 2 करोड़ 91 लाख सेब की पेटी के उत्पादन का अनुमान।

प्रदेश में सस्पेंड हुई माइनिंग लीज शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है मॉनसून को लेकर खनन विभाग ने जारी किए आदेश। दिव्य हिमाचल की एक खबर है मार्केटिंग बोर्ड में सात करोड़ के डिजिटाइजेशन टेंडर पर सवाल–एमडी रिटेंडर की बात लिखते रहे, चेयरमैन बांट गए टेंडर, वित्तीय नियमों की अनदेखी का आरोप।

मौसम से जुड़ी खबर पर आपका फैसला की सुर्खी है हिमाचल के कई जिलों में झमाझम बरसे बादल, एक सौ 69 बिजली ट्रांसफार्मर ठप।